डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Empowerment of Persons with Disabilities Department
Government of Uttar Pradesh

प्रेषक,

कुलसचिव,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ

सेवा में,

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कुलपति | : | अध्यक्ष |
| 2. | विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के अधिष्ठातागण | : | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एच0 एस0 झा, आचार्य | : | सदस्य |
| 4. | डॉ0 संजीव कुमार गुप्ता, सह आचार्य | : | सदस्य |
| 5. | डॉ0 आशीष कुमार गुप्ता, सहायक आचार्य | : | सदस्य |
| 6. | परीक्षा नियंत्रक | : | सदस्य |
| 7. | प्राचार्य, टी0 एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ | : | सदस्य |
| 8. | प्राचार्य, हिन्द महाविद्यालय, बाराबंकी। | : | सदस्य |
| 9. | प्राचार्य, कल्याणं करोति, मथुरा। | : | सदस्य |
| 10. | प्राचार्य, विमला महाविद्यालय, लखनऊ। | : | सदस्य |

पत्रांक : COE71 /पत्रा.COE-31(II)/DSMNRU/2021–22 दिनांकः 26 जून, 2021

महोदया/महोदय,

कृपया डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की परीक्षा समिति की नवम् बैठक दिनाँक 18.06.2021 के कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करने का मुझे निदेश हुआ है।

संलग्नकः यथोपरि।

25.6.2021
(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## के परीक्षा समिति की नवम् बैठक दिनाँकः 18 जून, 2021 का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | अपराह्न 04:30 बजे |
| स्थान– | पंचम तल स्थित सभागार, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की नवम् बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| एजेण्डा बिन्दु सं0 | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/9 | **परीक्षा समिति की अष्टम् बैठक के निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा अष्टम् बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 2/9 | **परीक्षा समिति की अष्टम् बैठक दिनांक 23 जनवरी, 2021 में लिए गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति की अष्टम् बैठक में बिन्दुवार लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या/कृत कार्यवाही से परीक्षा समिति अवगत हुई। |
| 3/9 | **विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली अन्तिम अधिसत्र/वर्ष की परीक्षा हेतु ऑन लाइन आवेदन के साथ–साथ उपाधि हेतु वांछित प्रपत्र/शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा अन्तिम अधिसत्र/वर्ष के विद्यार्थियों से ऑन लाइन परीक्षा आवेदन के साथ–साथ उपाधि हेतु वांछित प्रपत्र/शुल्क को जमा कराये जाने पर सम्यक् विचारोपरांत अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 4/9 | **विद्यार्थियों को आगामी अधिसत्र में प्रोन्नति करने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरांत विद्यार्थियों को आगामी अधिसत्र/वर्ष में प्रोन्नति हेतु राज्य सरकार द्वारा यदि कोई दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं, तो उसे प्राप्त करते हुए प्रभावी किया जाय अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में द्वितीय अधिसत्र वाले विद्यार्थियों को प्रथम अधिसत्र के आधार पर तथा शेष अधिसत्रों के विद्यार्थियों को पिछले 03 अधिसत्रों में जो सर्वाधिक अंक/प्रतिशत/सी.जी.पी.ए. होगा उसी के आधार पर प्रोन्नति हेतु परीक्षा परिणाम तैयार कराकर माह अगस्त, 2021 के अन्त तक घोषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। विद्यार्थियों के अन्तिम अधिसत्र/वर्ष की परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। |
| 5/9 | **अस्थायी रूप से प्रोन्नत किये गये विद्यार्थियों के अगले सत्र की परीक्षा (मार्च, 2021) के उपरांत अगले सेमेस्टर से कोविड–19 की विषम परिस्थिति के दृष्टिगत आगामी सेमेस्टर में प्रोन्नति के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरांत निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत कार्यालय–ज्ञाप पत्रांक–सी.ओ.ई.–289, दिनाँक 22.02.2021 एवं कार्यालय–ज्ञाप पत्रांक–सी.ओ.ई.–301, दिनाँक 01.03.2021 के अनुसार प्रोन्नति हेतु प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत अस्थायी रूप से प्रोन्नति प्रदान किये गये विद्यार्थियों को अन्तिम अधिसत्र की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति इस शर्त के अधीन प्रदान की जायेगी कि उनके द्वारा बैक पेपर परीक्षा को नियमानुसार उत्तीर्ण करने के उपरांत ही उनका अन्तिम अधिसत्र का परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा, यदि वे बैक पेपर परीक्षा उत्तीर्ण नही कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में उनके द्वारा दी जाने वाली अन्तिम अधिसत्र की परीक्षा को ही किसी भी दशा में मान्य नहीं किया जायेगा।<br>अन्तिम अधिसत्र परीक्षा से इतर अधिसत्रों में उपरोक्त कार्यालय–ज्ञापों के अनुसार अस्थायी रूप से प्रोन्नति प्रदान किये गये विद्यार्थियों को आगामी अधिसत्र में प्रोन्नति हेतु बैक पेपर परीक्षा को नियमानुसार |



(Dr. Amit Kumar Rai)
Controller of Examination
Dr. Shakuntala Misra National

(डॉ0 आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
... पुनर्वास विश्वविद्यालय

| | |
|---|---|
| | उत्तीर्ण करना होगा, जिसके उपरांत ही उनका आगामी अधिसत्र में प्रोन्नति प्रदान किये जाने से सम्बन्धित परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा। |
| 6/9 | **प्रस्तावित अन्तिम सेमेस्टर (फाइनल सेमेस्टर) परीक्षा–2021 (मई, 2021 के अन्तर्गत) हेतु अग्रिम धनराशि उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा अन्तिम सेमेस्टर (फाइनल सेमेस्टर) परीक्षा–2021 (मई, 2021 के अन्तर्गत) के लिए धनराशि रू0 2.00 लाख अग्रिम धनराशि उपलब्ध कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7/9 | **विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली अन्तिम अधिसत्र/वर्ष की परीक्षा कराने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरांत विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित पाठ्यक्रमों की शैक्षिक सत्र–2020–21 अन्तिम अधिसत्र/वर्ष की परीक्षाओं को माह जुलाई–अगस्त, 2021 में सम्पन्न कराये जाने तथा परास्नातक स्तरीय परीक्षा को विभागीय स्तर पर एवं स्नातक/डिप्लोमा/वार्षिक स्तरीय परीक्षाओं को परीक्षा विभाग द्वारा पूर्व की भाँति आयोजित कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 8/9 | **स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमावली (संशोधन), 2019 को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–परीक्षा समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरांत एन0एम0सी0 द्वारा प्रस्तावित परीक्षा संबंधी प्रावधानों को स्वीकार करते हुए उक्त प्रस्ताव को मा0 विद्या परिषद में प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी। |
| | **बैठक समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।** |

(Dr. Amit Kumar Rai)
Controller of Examination
Dr. Shakuntala Misra National
Rehabilitation University, Lucknow

(प्रो0 आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ